# विश्व स्तनपान सप्ताहः नंद घर के जरिए वेदांता मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बना रहा

**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। बच्चे की स्वस्थ शुरूआत मां के अच्छे स्वास्थ्य और देखभाल से होती है। गर्भावस्था के दौरान सही पोषण, स्तनपान की सही जानकारी और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं बच्चे के जीवनभर के स्वास्थ्य और विकास की मजबूत नींव बनाती हैं। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर दुनिया की प्रमुख धातु, तेल एवं गैस, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक वेदांता समूह ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के अपने प्रयासों को दोहराया। वेदांता की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाया जा रहा है। यहां बच्चों को शुरूआती शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर पोषण दिया जाता है। साथ ही, महिलाओं को कौशल विकास के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। नंद घर माताओं को सही जानकारी, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जरूरी सहायता दे रहा है, ताकि हर बच्चे को जीवन की एक स्वस्थ शुरूआत मिल सके। सीईओ शशि अरोड़ा



ने कहा बच्चे के जीवन के पहले 1,000 दिन उसके लंबे समय के स्वास्थ्य, पोषण और विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। नंद घर के माध्यम से हम समुदाय की भागीदारी पर आधारित व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं। इससे महिलाओं को सही जानकारी के आधार पर निर्णय लेने में मदद मिलती है, माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होता है और हर बच्चे को जीवन की सबसे स्वस्थ शुरूआत मिलती है। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर हम टिकाऊ और स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के माध्यम से स्वस्थ परिवार और मजबूत समुदाय बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं। नंद घर के प्रभाव के केंद्र में अंजू दुबे जैसी समर्पित कार्यकर्ता हैं।